## संपादकीय

### विशेष सत्र की चिंता

देश में जब राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है, तब जनसभाओं, बैठकों और विशेष विमर्शों के विषय व मौके भी स्वाभाविक ही बढ़ गए हैं। जब केंद्र सरकार ने संसद के आगामी विशेष सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं किया है, तब विपक्षी दलों की बेचैनी व सक्रियता को सहज ही समझा जा सकता है। यह सियासी बेचैनी या संशय का ही परिणाम है कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष संसद सत्र के दौरान नौ मुद्दों पर चर्चा के लिए पत्र लिखा है। विशेष सत्र के दौरान किन मुद्दों को उठाने की सलाह सरकार को देनी है, इस पर चर्चा मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के बीच भी हुई थी। चर्चा के कुछ मुद्दे मंगलवार को ही उजागर हो गए थे और अब आधिकारिक रूप से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विपक्ष ने अपनी ओर से दबाव बढ़ा दिया है। चुनाव जब करीब हों, तब ऐसी राजनीति स्वाभाविक है। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि लोगों का ध्यान खींचने के लिए भी ऐसी राजनीति होती है और लोग हर क्रिया के बाद प्रतिक्रिया का इंतजार करते हैं। जाहिर है, विपक्ष ने विशेष सत्र में चर्चा के विषय सुझाकर गेंद अब सत्ता पक्ष के पाले में डाल दिया है। अब कांग्रेस या विपक्ष ने जिन मुद्दों पर जोर दिया है, उन्हें देखना और समझना जरूरी है। विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी, मौजूदा आर्थिक स्थिति, अडाणी समूह पर हालिया खुलासे पर भी चर्चा की मांग की है। देश के संघीय ढांचे पर कथित हमले, कई राज्यों में हाल ही में आई बाढ़, प्राकृतिक आपदाओं, भारत-चीन सीमा पर स्थिति, देश के विभिन्न हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं के साथ ही मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा की मांग हुई है। जाहिर है, अपने पत्र में सोनिया गांधी ने सत्र के लिए सरकार के एजेंडे में पारदर्शिता की कमी की ओर इशारा किया है। विशेष सत्र की घोषणा 31 अगस्त केंद्र सरकार ने की थी, पर अभी तक इस सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं किया गया है। विपक्ष इस बात से भी नाखुश है कि विशेष सत्र बिना उससे परामर्श के बुलाया गया है। विपक्ष का यह भी आरोप है कि देश में संसद का विशेष सत्र बुलाते हुए पहली बार एजेंडा स्पष्ट नहीं किया गया है। 18 से 22 सितंबर के बीच यह सत्र होगा, जिसमें सरकार की ओर से यही संकेत है कि सामान्य कामकाज होगा। खैर, यह बात कोई भी समझ सकता है कि विशेष सत्र किसी विशेष मकसद से ही होने वाला है। खैर, सत्ता पक्ष अपना एजेंडा बाद में स्पष्ट करेगा, लेकिन विपक्ष ने अपना एजेंडा साफ बता दिया। कुछ संभावनाएं बिल्कुल स्पष्ट हैं कि अगर विपक्ष के मनमुताबिक विषय न हुए या विपक्ष के हिसाब से विषय नहीं उठाए गए, तो संसद के विशेष सत्र में हंगामा या बहिष्कार तय है। विपक्ष को बिना विश्वास में लिए सत्ता पक्ष सदन में अपने लिए परेशानी ही बढ़ाएगा। लोकतंत्र में परस्पर विश्वास और सहयोग से चलना ही बेहतर होता है। देशहित में अगर पक्ष और विपक्ष के बीच उच्च स्तर पर जरूरी संवाद भी नहीं हो पा रहा है, तो यह अलग से चिंता का विषय है। संसदीय गरिमा बनी रहनी चाहिए। जरूरी संवाद के अनेक मुद्दे हैं। विपक्ष के पत्र में जाति जनगणना पर चर्चा की मांग की गई है और इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि जनगणना की कमी के चलते 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा अधिनियम से बाहर हो गए हैं। ध्यान रहे, विशेष सत्र में आम लोगों की निगाहें सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी नेताओं के आचरण पर भी टिकी रहेंगी।

# कूटनीतिक प्रतिद्वंद्विता का मंच न बने ब्रिक्स

**जी. पार्थसारथी**




जैसे-जैसे राष्ट्रपति जो बाइडेन का बतौर राष्ट्रपति पहला कार्यकाल खत्म होने को है, तेल संपन्न फारस की खाड़ी पर अमेरिका को अपनी नीतियों को लेकर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन ने बड़ी दक्षता और सततता से समूचे हिंद महासागरीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है, विशेषकर फारस की खाड़ी में, जहां लगभग 35 लाख भारतीय कामगार प्रवासी हैं। यह इलाका भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए बहुत महत्व रखता है। खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका की कूटनीति पिछले कुछ वर्षों से अनाड़ी-सी देखी गई है, राष्ट्रपति बाइडेन ने गैर-कूटनीतिक बयानबाजी तक कर दी जब अक्तूबर 2018 में उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का नाता, अमेरिका में बसे और राजशाही के कड़े आलोचक सऊदी पत्रकार जमाल अहमद खाशोगी के कत्ल से जोड़ डाला। खाशोगी की हत्या इस्ताम्बुल में सऊदी अरब के दूतावास में हुई थी। इसके बाद से सऊदी-चीन सहयोग में तेजी से विस्तार हुआ, हालांकि बाद में बाइडेन ने सऊदी राजपरिवार से संबंध सुधारने की कोशिशें की। तब से लेकर सऊदी अरब पर अमेरिका का राजनीतिक एवं आर्थिक प्रभाव घटता गया। गुपचुप तरीके से सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौते करवाकर, दोनों के बीच दुश्मनी भरे रिश्ते को सामान्य बनवाना चीन का खाड़ी देशों में सबसे बड़ा कारनामा रहा। यह काम ईरान के प्रति अमेरिका के निरंतर वैमनस्य भरे रुख से विपरीत रहा, ईरान अब यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल के लिए रूस को हथियार पहुंचा रहा है। पिछले साल राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अरब की खाड़ी मुल्कों से रिश्तों में विस्तार करने को मंजूरी दी थी, इन विषयों में वित्त, विज्ञान, तकनीक और हवाई क्षेत्र शामिल हैं। शी जिनपिंग के इस संकल्प का सऊदी अरब की राजशाही ने स्वागत किया और युवराज सलमान ने शी जिनपिंग की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उसके बाद से सऊदी अरब पर अमेरिकी राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव को चुनौती मिलती गई। आगे, सऊदी अरब और चीन ने औद्योगिक सहयोग स्थापित करने का निर्णय लिया है। सऊदी नेतृत्व ने चीन की तकनीक-महारथी कंपनी हुआवे को वहां पर उच्च-तकनीक उद्योग स्थापित करने की मंजूरी दी है। हालांकि अरब की खाड़ी के अन्य देश नए सऊदी-ईरान रिश्ते पर सऊदी अरब जितने उत्साहित नहीं हैं। उनमें लगभग सभी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मुख्यत: बहरीन स्थित अमेरिकी नौसैन्य अड्डे पर तैनात पांचवें बेड़े पर निर्भर हैं। जहां चीन खाड़ी मुल्कों में अपना प्रभाव बढ़ाने में व्यस्त था, वहीं इस बीच दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) संगठन के नेताओं के बीच हुए शिखर सम्मेलन के रूप में एक महत्वपूर्ण आयोजन हुआ, ब्रिक्स को सोवियत यूनियन के विघटन के बाद उभरती हुई नव-आर्थिक शक्तियों का गुट कहा जाता है। लिहाजा, ब्रिक्स की सदस्यता को विस्तार देने और शामिल होने के लिए कई देश इच्छा जताते आए हैं, खासकर एशियाई मुल्क। दक्षिण अफ्रीका में संपन्न हुआ शिखर सम्मेलन अपने आप में अलहदा रहा, मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका का वैश्विक परिदृश्य पर अफ्रीकी देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने में दिखाया दृढ़-संकल्प जायज था और इसके लिए विकास फंड की उपलब्धता में इजाफा करने का प्रस्ताव रखा गया। भारत के ध्यान का केंद्र जहां आर्थिक विकास रहा वहीं चीन और रूस की रुचि क्वाड की सदस्यता में विस्तार करवाने में दिखी। वे चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और जापान को छोड़कर अधिकांश हिंद-प्रशांत महासागरीय मुल्कों को इसमें शामिल किया जाए। सावधानीपूर्वक विचार के बाद ब्रिक्स ने अर्जेंटाइना, मिस्र, ईरान, सऊदी अरब और यूएई को बतौर नया सदस्य आमंत्रित किया है। रोचक यह है कि, एक बड़ी एशियाई शक्ति के रूप में इंडोनेशिया, जिसका चीन से पुराना विवाद रहा है, को नहीं बुलाया गया। दक्षिण चीन सागर के अधिकांश मुल्कों की तरह इंडोनेशिया का भी चीन के साथ सागरीय सीमा विवाद जारी है। क्वाड के संस्थापक राष्ट्रों के रूप में भारत को नए सदस्यों की सूची देखकर कहीं ज्यादा खुशी होगी, भारत को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि यह संगठन अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता के भंवर में न फंसने पाए। इसके अलावा, लगभग 27.8 करोड़ आबादी वाले इंडोनेशिया, जिसकी अपनी स्वतंत्र विदेश नीति है, को भी ब्रिक्स में जितना जल्द हो, शामिल किया जाए। बृहद आयाम में; इस प्रक्रिया में, जो हो रहा है, एक ओर ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच संबंध प्रगाढ़ होंगे तो वहीं दूसरी ओर रूस और चीन के बीच भी। यह होना ही था क्योंकि जिन पांच सदस्यों ने ब्रिक्स संगठन बनाया था, वे वही थे जिनका आर्थिक भविष्य सोवियत यूनियन के पतन के बाद उत्थान की राह पर था। लेकिन हमें देखने को यह मिला कि लगभग दो दशकों बाद, संगठन के मूल चार सदस्यों में दो यानी चीन और रूस मिलकर पश्चिमी जगत को चुनौती देने लगे, जबकि कतर और बहरीन में तैनात अपने पांचवें समुद्री बेड़े के साथ अमेरिका के खाड़ी के अरब मुल्कों के साथ निकट रक्षा संबंध हैं। स्पष्टत: भारत ने चुपचाप पर्दे के पीछे से भूमिका निभाई है कि अगले ब्रिक्स सम्मेलन में नए चार सदस्यों में कौन-कौन होगा, यह शिखर सम्मेलन रूस में वोल्गा और कज़ान्का नदी के किनारे बसे कज़ान शहर में तय होगा। अनेकानेक अफ्रीकी देशों के नेतृत्व को ब्रिक्स में आमंत्रित करने वाले दक्षिण अफ्रीका का प्रभाव समूचे महाद्वीप पर बढ़ सकता है। जहां तक बात यूएई सहित भारत के सहयोगी तेल संपन्न अरब देश की है, पश्चिम जगत के साथ उनके संबंधों के रुख में कोई बड़ी तब्दीली होती दिखाई नहीं देती। हालांकि, हमें यह भी यकीन है कि चीन अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए ब्रिक्स सदस्यों को पाकिस्तान के साथ संबंध घनिष्ठ बनाने के लिए मनाएगा। इस पर भारत को ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं क्योंकि अधिकांश ब्रिक्स सदस्यों के साथ भारत के संबंध बहुत मजबूत हैं। वैसे भी, आने वाले समय में पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और दिवालिया होने की स्थिति बरकरार रहेगी। लेकिन न तो भारत और न ही नवनिर्वाचित ब्रिक्स सदस्यों में कोई चाहेगा कि महत्वपूर्ण वैश्विक मामलों में चीन का पिछलग्गू बनकर कोई पक्षपाती नजरिया बने। उम्मीद है भविष्य में ब्रिक्स संगठन वैश्विक मुद्दों पर इस नियम पर अमल करता रहेगा।

लेखक पूर्व वरिष्ठ राजनयिक हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन लाभ के योग हैं।

**वृषभ** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। वाद-विवाद की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी। जारी प्रयास सार्थन होगा। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन** उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। मकान सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। किसी रिश्तेदार से तनाव मिल सकता है।

**कर्क** पारिवारिक जनों से पीड़ा मिल सकती है। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। धन हानि की संभावना है।

**सिंह** व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मैत्री संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। पड़ोसी या अधीनस्थ कर्मचारी से विवाद हो सकता है। किसी मूल्यवान वस्तु के चोरी या खोने की आशंका है। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कन्या** पिता का भरपूर सहयोग मिलेगा और उससे प्रगति भी होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाणी में सौम्यता बनाये रखे। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। मकान या सम्पत्ति के मामले में सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी रिश्तेदार से तनाव मिल सकता है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**वृश्चिक** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। शासन सत्ता या घर के मुखिया के कारण तनाव मिल सकता है। देशाटन या व्यावसायिक यात्रा फलीभूत होगी। निजी संबंध मधुर होंगे। धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी।

**धनु** शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। किसी वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। आर्थिक मामलों में सुधार होगा। षड्यंत्र की आशंका है। कोई सुखद समाचार मिलेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मकर** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। किया गया श्रम सार्थक होगा। स्थानान्तरण या अन्य व्यावसायिक लाभ मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कुम्भ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग की संभावना है। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**मीन** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें, कर्ज की स्थिति आ सकती है।

# (8 सितंबर) अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**( लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन )**

शिक्षा का महत्व हमारे देश की प्रगति के लिए बहुत ज़रूरी है। हमारे देश में शहरों की तुलना में गाँव के लोग कम शिक्षित होते हैं। शिक्षा हमारी खुद की और देश की प्रगति में मदद करती है। शिक्षित आदमी को समाज में मान सम्मान भी खूब मिलता है। हम शिक्षा के माध्यम से जीवन में बहुत सफलता प्राप्त कर सकते है। इसलिए हमारे और समाज का शिक्षित होना जरूरी है।

आजकल के युग में अगर इंसान शिक्षित ना रहा तो उसे जीवन बिताने में कठिनाई हो सकती है। पढ़ाई करना इंसान के जीवन में बहुत जरूरी होता है। गरीब से गरीब आदमी भी अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर अफसर बनाने का सपना देखता है । और अगर कोई बच्चा ठान ले तो बहुत पढ़ लिखकर डॉक्टर, वकील, जज या संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देकर बड़ा अफसर बन सकता है। आजकल के युग में अगर इंसान शिक्षित ना रहा तो उसे बाहर की दुनिया में कोई इज्जत नहीं देगा उसका सम्मान नहीं करेगा। हमारे देश में ऐसे भी लोग है जो बेटी को पढ़ाने में नहीं मानते और अपने बेटों को बहुत पढ़ाते है। हमें जीवन में सबको शिक्षा का महत्व ध्यान में रखना ही चाहिए।

लड़कियों के लिए शिक्षा का महत्व

भारत में लड़कियों की शिक्षा का प्रमाण लड़कों से कम है। भारत के लोग लड़कियों को ज्यादा पढ़ाने में नहीं मानते। स्कूल तक ही पढ़ाते है और लड़कियों की शादी करवा देते है। लड़कियों की शिक्षा भी उतनी ही जरूरी होती है जितनी लड़को की। हर इंसान को पढ़ने लिखने का हक होता है। हमें लड़कियों के माता पिता को शिक्षा का महत्व समझाना चाहिए। और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की सोच को ज़्यादा से ज़्यादा प्रोत्साहन देना चाहिए। हमारे देश को सावित्री बाई फुले जैसे स्वतंत्रता सैनिकों की वजह से जाना जाता है और हम उसी देश में लड़कियों को नहीं पढ़ाएँगे तो हमारे देश की प्रगति खंडित हो जाएगी। हमारा देश कभी पूरी तरह से डेवलप नहीं होगा और प्रगति न होने के कारण हमारा देश बाक़ी देशों से पीछे रह जाएगा।

**कितना जरूरी**

इंसान के पास कम से कम ग्रेजुएशन की डिग्री होनी ही चाहिए। डिग्री के बिना हमें नौकरी भी कोई नहीं देगा। हमें 'पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया' को अधिक प्रोत्साहन देना चाहिए। यदि हम शिक्षित होंगे तो हमारी पर्सनैलिटी प्रभावशाली हो जाती है। लोग हमें इज्ज़त भरी नज़रों से देखते है। हमें अच्छे शिक्षण की वजह से अच्छी नौकरी मिलती है। अच्छी नौकरी होगी तो अच्छी सैलरी होती है जिसके कारण हम एक अच्छा जीवन बिता सकते है। हमारे देश में डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर जैसे लोग थे जिन्होंने हमारे स्वतंत्र भारत का संविधान लिखा। हमारे देश की आने वाली पीढ़ी का शिक्षित होना उनके उज्जवल भविष्य के लिए बहुत ज़रूरी है।

भारत देश में आज भी अशिक्षित लोगों का प्रमाण 23 प्रतिशत है। इसलिए हमारे देश की गिनती आज भी डिवेलपिंग कंट्रीज़ में की जाती है। पर हर बार माता पिता का दोष नहीं होता, गरीब से गरीब आदमी भी अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर अफसर बनाने का सपना देखता है, पर उस इंसान की जिंदगी में ऐसे कुछ हालात आते है जो ऐसा होने की अनुमति नहीं देते। कई गरीब लोगों के पास दो वक्त की रोटी खाने के पैसे भी नहीं होते तो ऐसे हालात में वो माँ बाप अपने बच्चे को कैसे पढ़ाएं लिखाए। हमारे देश में गरीबी का प्रमाण ज्यादा है जिसके कारण कोई माता पिता चाह कर भी अपने बच्चों को स्कूल, कॉलेज नहीं भेज पाते।

**आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व**

आधुनिक युग आज इतनी तेज़ी से चल रहा है कि इस इस युग को आधुनिकता का क्रांतिकारी युग बोला जा सकता है।किसी भी समय में बदलाव अपने आप नहीं आते, बदलाव लाए जाते हैं और इनके पीछे की यह प्रक्रिया शिक्षा के बिना असंभव है। आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है।

लोगों को अपना जीवन जीने में और अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए शिक्षा की काफी जरूरत है। शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने वाली संभावनाओं तक पहुँचती है। आज सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना ही काफी नहीं, औद्योगिकरण के युग में ज्ञान के प्रयोग पर अधिक बल दिया जाता है। इसे व्यावहारिक ज्ञान कहा गया है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। जिससे बच्चे छात्र जीवन में ही अपने व्यावसायिक समस्याओं के समाधान प्राप्त कर कुशल कर्मचारी बन सके।

आधुनिक युग में विकसित होती सभ्यता तथा मशीनीकरण ने जहां एक और मनुष्य का काम कम किया है। वहीं दूसरी ओर लोग बेरोज़गार भी हुए हैं। वर्तमान समय में शिक्षा के द्वारा आत्मनिर्भर बनने की मुहिम चलाई जा रही है।

इससे ना सिर्फ नए रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे बल्कि नए व्यवसाय व कार्य क्षेत्र के मार्ग भी खोजे जाएँगे। शिक्षा समाज में आवश्यकता से बढ़कर एक मापदंड बन गई है। समाज में उन्हीं लोगों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, जिन्होंने अच्छी शिक्षा प्राप्त की है। इसलिए कहा जा सकता है कि आधुनिक युग में शिक्षा बहुत आवश्यक है।

**समाज में शिक्षा का महत्व**

शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को लाती है और बुरे विचारों को बाहर करती है। शिक्षा मनुष्य के जीवन का मार्ग दिखाती है। यह मनुष्य को समाज में प्रतिष्ठित काम करने के लिए प्रेरणा देती है। इससे मनुष्य के अंदर मनुष्यता आती है। इसके माध्यम से मानव समुदाय में अच्छे संस्कार डालने में पर्याप्त मदद मिलती है।

शिक्षा मनुष्य को पशु से ऊपर उठाने वाली प्रक्रिया है। पशु अज्ञानी होता है उसे सही या ग़लत का बहुत कम ज्ञान होता है। अशिक्षित मनुष्य भी पशुतुल्य होता है। वह सही निर्णय लेने में समर्थ नहीं होता है। लेकिन जब वह शिक्षा प्राप्त कर लेता है तो उसकी ज्ञानचक्षु खुल जाती है। तब वह प्रत्येक कार्य सोच-समझकर करता है। उसके अंदर जितने प्रकार की उलझनें होती हैं, उन्हें वह दूर कर पाने में सक्षम होता है। शिक्षा का मूल अर्थ यही है कि वह व्यक्ति का उचित मार्गदर्शन करे। जिस शिक्षा से व्यक्ति का सही मार्गदर्शन नहीं होता, वह शिक्षा नहीं बल्कि अशिक्षा है।

विचार मंथन

# सनातन धर्म, हिंदुत्व एवं दलितों की मंडल-कमंडल राजनीति

**(लेखक-सनत जैन )**

सनातन धर्म और हिंदुत्व पर भाजपा ने अपना कॉपीराइट बना लिया है। मतदाताओं के बीच में भाजपा की पहचान सनातनी और हिंदुत्व राजनीतिक दल के रूप में बन चुकी है। यह खेल 1989 में कमंडल और मंडल के रूप में पहले भी खेला जा चुका है। 25 वर्ष बाद पुन: राजनीति, देश में शुरू हो गई है। पिछले 25 वर्षों में भारत की राजनीति में बड़ा बदलाव आया है। उत्तर भारत के राज्यों में हिंदुओं की बहुसंख्यक आबादी है। धार्मिक आधार पर जो राजनीति शुरू की गई थी। भाजपा ने केंद्र बिंदु, धार्मिक आधार पर हिंदू और मुस्लिम को बनाया था। धार्मिक ध्रुवीकरण को लेकर मंडल कमीशन के माध्यम से जो राजनीति पिछड़ा वर्ग और दलित नेताओं ने करने की कोशिश की थी। उसे हिंदुत्व की राजनीति और मुस्लिम विरोध ने हिंदु समुदाय को भाजपा के पक्ष में एकजुट किया था, जिसके परिणाम स्वरुप कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की, स्पष्ट बहुमत की सरकार बनी। पिछले 25 साल का धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर सत्ता का बदलाव था। तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन, जो मुख्यमंत्री स्टालिन के पुत्र हैं। तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीतिक अंतरनिहित है। समाज सुधारक के रूप में रामास्वामी नायकर पेरियार का द्रविड़ संस्कृति पर प्रभाव पड़ा। वहां दलित और पिछडों के बीच में एक जन आंदोलन में सनातन धर्म के विरोध में, दलित और पिछड़े एकत्रित हुए। सनातन धर्म की कई परंपराओं का उन्होंने विरोध किया था। तर्क आधारित विचार पद्धति का समर्थन करते हुए, राजनीतिक आंदोलन का आधार बना। तमिलनाडु की राजनीति में उदयनिधि स्टालिन का सनातन धर्म का विरोध मास्टर स्ट्रोक है। जिसका फायदा डीएमके को तमिलनाडु में होना तय है। उदयनिधि के इस बयान से तमिलनाडु के अंदर कोई हंगामा देखने को नहीं मिल रहा है। भारत की राजनीति में उदयनिधि के इस बयान को लेकर एक नई सनातनी राजनीति शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी इसे सनातन धर्म का अपमान बताकर, हिंदुत्व की राजनीति को अपने पक्ष में करने की मुहिम चला रही है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन से जोड़कर, चुनाव के पहले धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने की कोशिश की जा रही है। तमिलनाडु में अन्ना डीएमके भी इसके विरोध में खड़ी नहीं हो पा रही है। भारतीय जनता पार्टी भी उदयनिधि के इस बयान का विरोध तमिलनाडु में करने की स्थिति में नहीं है। देश के अन्य हिन्दी भाषी राज्यों में स्टालिन के सनातन धर्म के विरोध को आधार बनाकर धार्मिक ध्रुवीकरण कर लोकसभा चुनाव 2024 जीतने की रणनीति भारतीय जनता पार्टी बना रही है।

25 बरस के बाद एक बार फिर कमंडल और मंडल का संघर्ष जातियों के बीच में देखने को मिल रहा है। हाल ही में मणिपुर में जो हिंसक घटनाएं हुई हैं। वह ईसाई धर्म के खिलाफ थी। जिसमें सैकड़ों चर्च जला दिये गए। जिस तरह से सनातन धर्म के धर्माचार्य सनातन को हिंदुत्व से जोड़कर बयान दे रहे हैं। उससे आम जनता के बीच में जाति संघर्ष अब धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण को लेकर एक नई राजनीति शुरू हो गई है। सनातन का अर्थ सदा से जो धर्म अस्तित्व में है। उसे सनातन धर्म कहा जाता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, जैन धर्म, बौद्ध धर्म इत्यादि अपने आप को सनातन धर्म से जोड़ते हैं। भगवान राम और कृष्णा भी इसी सनातन धर्म की श्रृंखला में आते हैं। इनका भी हजारों वर्षों का इतिहास है। सनातन धर्म में आस्था को अजर अमर माना गया है। आस्था ही धर्म को आचरण में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। सनातन धर्म, पुनर्जन्म में विश्वास करता है। सनातन धर्म की विभिन्न धार्मिक शाखाएं आस्थाओं और विश्वास के रूप में हजारों लाखों वर्षों से परंपरागत रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कार के रूप में मान्यता हैं। हाल ही में जिस तरह से रामचरितमानस का विरोध उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य, ने ढोल-गंवार, शूद्र-पशु और नारी की चौपाई का उल्लेख करते हुए धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ाने का काम किया है। हिंदुत्व ध्रुवीकरण की राजनीति में अब पिछड़े दलित और शूद्र, भाजपा के हिंदुत्व से दूरियां बनाने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व के कॉपीराइट का विरोध करने के लिए सनातन धर्म का विरोध कर रहे हैं। राजनीतिक आधार पर देश अब जातियों में बंट रहा है। हिंदुओं में ब्राह्मणों की आबादी जो हिंदुत्व धर्म के शीर्ष ठेकेदार के रूप में अपने आप को हजारों-लाखों वर्षों से श्रेष्ठ मानते आए हैं। शुद्र-दलित और पिछड़ों की उपेक्षा करते आ रहे हैं। जिसके कारण भारत की बड़ी आबादी

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# 15.63 करोड़ के हीरे 'बदलो' ने जीजा और उनके दोस्त के जरिए बेचे

## जुगल पटेल ने फूलपाड़ा रोड स्थित व्रज डायमंड्स में

### जीजा चिराग रेशमवाला के दोस्त रुचित मेहता के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले हीरे बेचे गए

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के कतारगाम फूलपाड़ा रोड में मुंबई की एक कंपनी के लिए हीरे की ग्रेडिंग करने वाले एक कर्मचारी ने कम गुणवत्ता वाले हीरे के साथ 15.63 करोड़ रुपये के हीरे का आदान-प्रदान किया और बाद में उच्च गुणवत्ता वाले हीरे को जीजा के दोस्त के माध्यम से बेच दिया। 8.37 करोड़ रुपये तीन हिस्सों में बांटे गए। इसकी जानकारी होने पर हीरा कंपनी के पार्टनर ने सूरत क्राइम ब्रांच में 8.37 करोड़ रुपये के गबन की शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने कर्मचारी और हीरा विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया।

क्राइम ब्रांच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मकान नंबर 40, सरथाणा जकातनाका रो हाउस, सूरत, कटारगाम फुलपाड़ा रोड, मेहता पेट्रोल पंप, आसरावाला कंपाउंड निवासी 52 वर्षीय प्रवीणभाई मनुभाई वघासिया एक हीरे की पॉलिशिंग कंपनी में काम करते हैं। व्रज डायमंड के नाम पर। की चौथी मंजिल पर बैठते हैं। और अशोकभाई गलथरिया ने अपने पैकेट बदले और प्रत्येक पैकेट पर लॉट नंबर लिखा में ग्रेडिंग एंट्री करने वाले सभी को यूजर आईडी और पासवर्ड दिया गया है।

इसी बीच गत 17 मार्च को डी. दी गई थी। इस प्रकार मैनेजर कांतिभाई सिएंटाप, धर्मेशभाई सकारिया और गौतमभाई राणा, अशोकभाई गलथरिया और जुगल पटेल से पूछताछ कर रहे थे जो हीरे की ग्रेडिंग की एंट्री कर रहे थे, जुगल पटेल ने खुद लॉग इन किया 2 मार्च 2021 से 17 मार्च 2021 तक गौतमभाई राणा और अशोकभाई गैलथ्रिया के उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के साथ अपने कंप्यूटर में। 2023 के दौरान दो साल की अवधि के दौरान, मैंने 15,63,23,243 रुपये के कम गुणवत्ता वाले हीरे के साथ 15,63,23,243 रुपये के हीरे बदल दिए। 7,26,32,191 रुपये और बाद में जीजा चिराग रेशमवाला के दोस्त रुचित मेहता के माध्यम से तीन किस्तों में 8,36,91,052 रुपये में उच्च गुणवत्ता वाले हीरे बेचे। वितरित करने की बात कबूल की।

**इस तथ्य के आधार पर, प्रवीणभाई वघासिया ने कल क्राइम ब्रांच में जुगल सुरेशभाई पटेल (रेस्ट.घर नंबर 4/366, दुधारा स्ट्रीट, पोस्ट ऑफिस के सामने, बेगमपुरा, सूरत), उनके बहनोई चिराग विजयभाई रेशमवाला (रेस्ट.) को गिरफ्तार किया। घर नंबर 7/3914/ए, मलाड स्ट्रीट, रुघनाथपुरा, सूरत) और उसके दोस्त रुचित राजेशभाई मेहता (बाकी फ्लैट नंबर 204, आठवीं मंजिल, विधि अपार्टमेंट, संघवी टॉवर, अडाजण, सूरत) को पीआई एस.एन. परमार जुगल पटेल और गिरफ्तार किया गया। गबन के आरोप में रुचित मेहता से पूछताछ हो चुकी है.**

मुंबई बांद्रा ईस्ट बी के. भारत बर्सा में डी. नवीनचंद्र एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के लिए काम करने वाली कंपनी व्रज डायमंड में आने वाले कच्चे हीरों को प्रोसेस करने के लिए यहां 100 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। तदनुसार, हीरे के बाद पॉलिश है, गौतमभाई राणा कंपनी की ग्रेडिंग एंट्री और पांचवीं मंजिल पर बैठे जुगल पटेल को खुद दे दिया। जुगल ने प्रत्येक हीरे का वजन किया और प्रवेश किया। हीरे की ग्रेडिंग की जाती है, फिर उसे स्टॉक रूम में दिया जाता है और फिर चालान बनाकर मुंबई डी. नवीनचंद्र एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को भेजा जाता है।इन सभी प्रक्रियाओं के लिए बनाए गए सॉफ्टवेयर नवीनचंद्रा एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक समीरभाई मेहता ने सॉफ्टवेयर रिपोर्टिंग में व्रज डायमंड्स द्वारा तैयार हीरों के जीआईए सर्टिफिकेट की जांच की तो पता चला कि हीरों पर पहले से ही नंबर छपे हुए थे। 24 से 27 दिसंबर 2022 तक एक ही पैकेट का समय। हीरे की ग्रेडिंग बदल

# असहनीय गर्मी के बाद सूरत शहर में मूसलाधार बारिश शुरू मौसम हुआ ठंडा,किसान खुश


क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत शहर समेत पूरे दक्षिण गुजरात में देखा गया है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आज दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ. हल्की बारिश से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया है. पिछले २० दिनों से अधिक समय से बारिश बंद होने से सूरती लोग बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे । सितंबर के अंत से ही बारिश बंद हो गई थी. जिससे सूरती असहनीय तनाव महसूस कर रहे थे. पिछले दो दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, पारा हवा के झोंकों से ऊपर जा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक सूरती लोग बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. आखिरकार दोपहर में आसमान में काले दिबांगा बादल छा जाने के साथ ही तेज बारिश शुरूहो गई।

बारिश पर लंबा ब्रेक लगने से धान और गन्ना किसानों में एक बार फिर चिंता की लहर दौड़ गई है। बारिश न होने से किसानों की फसलों को नुकसान होने का डर था। जिसके चलते उकाई बांध से पानी छोड़ने की भी मांग की गई थी. आखिरकार सूरत शहर और जिले में एक बार फिर मौसम ठंडा हो गया

# सूरत में भव्य जन्माष्टमी समारोह

## लिंबायत इलाके में गुजरात का सबसे ऊंचा 35 फीट का मटका तोड़ा गया



# श्री छत्रपति शिवाजी महाराज मंडल उधना के द्वारा दही हांडी का आयोजन किया गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री छत्रपति शिवाजी महाराज मंडल उधना के द्वारा दही हांडी का आयोजन किया गया । इस दही हांडी का आयोजन विनोदकुमार साहेबराव पवार द्वारा किया गया। इस दहीहंडी में यूथ फॉर गुजरात के अध्यक्ष जिग्नेश भाई पाटिल, लिबायत विधानसभा की मेंबर संगीता बेन पाटिल, उधना वार्ड नंबर 24 के कॉरपोरेटर सोमनाथ मराठे, नगर प्राथमिक शिक्षक समिति सूरत के अध्यक्ष ,श्रमिक नेता राधेश्याम शुक्ल, स्वच्छ भारत मिशन के अध्यक्ष, तथा अन्य कॉरपोरेटर सहित नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।आर्मी स्पोर्ट्स क्लब हरीनगर 3 के ग्रुप द्वारा इस दहीहंडी को फोड़ा गया। ग्रुप द्वारा दही हांडी को पहले ही प्रयास में फोड़कर इस दही हांडी के कार्यक्रम को पूरा किया गया। ग्रुप द्वारा अलग-अलग प्रकार के स्टंट भी किए गए। इस दहीहंडी में 1000 की संख्या में लोग उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन और ट्रैफिक विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का नियंत्रण किया गया।

**अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ**
**और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा**
**मोबाईल:-987914180 या फोटा,वीडियो हमें भेजे**

**कार्यालय ऑफिस**

**क्रांति समय दैनिक समाचार**
**में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार**
**संबंधित संपर्क करें**
**पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023**
**संपर्क नं.-9879141480**
**ईमेल:-krantisamay@gmail.com**

**कार्यालय ऑफिस**

**क्रांति समय दैनिक समाचार**
**भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों**
**और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों**
**की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है**
**पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023**
**संपर्क नं.-9879141480**
**ईमेल:-krantisamay@gmail.com**